हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 14 जून 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

04 हर नागरिक को मिले बेहतर स्वास्थ्य सेवा : कलेक्टर

05 दारेली में मिला चार माह का राशन




## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों के लिए शिविर का आयोजन होगा 18 से

**सुकमा।** जिले सहित छिंदगढ़ एवं कोंटा जनपदों में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग हाथ, पैर एवं कैलीपर्स सहायक उपकरण प्रदाय एवं प्रमाणीकरण हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दिव्यांग हितग्राहियों को कृत्रिम पैर, हांथ, कैलीपर्स, बैशाखी, श्रवण यंत्र, ट्रायसाइकल, व्हीलचेयर एवं छूटे हुये दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा। शिविर का आयोजन चिकित्सालय सुकमा में 18 जून को किया जाएगा। जनपद पंचायत छिंदगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ में 19 जून को किया जाएगा। आत्मानंद विद्यालय सामुदायिक भवन कोंटा में 25 जून को और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्तलनार में 26 जून को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### मुण्डागांव का ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**जगदलपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन ने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता,लापरवाही बरतने के कारण मुण्डागांव ग्राम पंचायत सचिव जोगेन्द्र पाण्डे को निलंबित किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, बस्तर से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार जांच में 15वें वित्त आयोग (ग्राम पंचायत मद) अंतर्गत कराये गये कार्य हेतु राशि 93,46,952 का आहरण किया जाना पाया गया। उक्त राशि में से राशि 60,77,417 का मूल्यांकन एवं व्हाऊचर्स प्रस्तुत किया गया तथा रूपये 32,69,535 का मुल्याकन एवं व्हाऊचर्स प्रस्तुत नहीं किये जाने व प्रगतिरत कार्यों का मुल्यांकन नहीं होने, मुण्डागांव को अन्य मदों से 10 कार्यों के लिये राशि रूपये 13लाख 8 हजार जारी की गई थी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गुनपुर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनपद पंचायत से कुल 7 कार्यों की स्वीकृति प्रदान करते हुए 7 लाख 40 हजार जारी की गई थी। किन्तु सचिव जोगेन्द्र पाण्डे को साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में कार्य पूर्ण करने हेतु लगातार निर्देशित किये जाने के बाद भी उक्त कार्यों को पूर्ण कराये जाने हेतु कोई गंभीरता नहीं दिखाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### विमान हादसे पर विधायक ने शोक संवेदना व्यक्त की

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इसे हृदयविदारक घटना बताया और हादसे में मृत लोगों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मृत्यु पर भी गहन संवेदना व्यक्त करते हुए इसे भाजपा-परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शोक संदेश में मृतकों के परिजनों को यह दुःख सहने का धैर्य व सम्बल प्रदान करने की परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। देव ने हादसे के बाद प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए केंद्र व गुजरात सरकार के प्रयासों पर कहा कि केंद्र व गुजरात सरकार के साथ छतीसगढ़ और पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने हादसे में जख्मी लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। किरण देव ने शुक्रवार को आयोजित अपने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए।






# विश्व रक्तदाता दिवस : खून की हर बूंद किसी की बदल सकती है जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

खून की हर बूंद किसी की जिंदगी बदल सकती है और विश्व रक्तदान दिवस पर ब्लड डोनेट करने के कई फायदे हैं। विश्व रक्तदान दिवस हर साल 14 जून को मनाया जाता है।

यह दिन उन स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करने के लिए समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से रक्तदान करते हैं और लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए भी। रक्तदान न केवल जरुरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि रक्तदाता के लिए भी कई स्वास्थ्य लाभ लेकर आता है। मानव शरीर बिना रक्त के हाड़-मांस का ढांचा है। शरीर के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए खून की जरुरत होती है। अगर शरीर में खून की कमी हो जाए तो व्यक्ति का जीवन खतरे में पड़ सकता है। अगर किसी व्यक्ति को खून की जरूरत हो लेकिन समय पर खून न मिल सके तो उसकी जान भी जा सकती है। इसलिए लोगों से रक्तदान की अपील की जाती है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद के लिए रक्त की पूर्ति हो जाती है और एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा रक्तदान फायदेमंद भी होता है। दुनियाभर में इस दिन को मनाने का उद्देश्य जरूरतमंदों को खून उपलब्ध कराना है ताकि खून की कमी से किसी मरीज की जान न जाए। साल 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रक्तदान दिवस मनाने की शुरूआत की थी, तब से हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाने लगा।

### खून की कमी से किसी मरीज की जान न जाए इसलिए करते हैं रक्तदान

#### राज्यपाल से मिला सम्मान

शहर निवासी ब्रिजेश शर्मा पिछले 11 वर्षों से रक्तदान करते आ रहा हैं। कइयों को रक्त उनकी आवश्यकता के अनुरूप दिलवाया है। स्वयं 47 बार रक्तदान किया है। लगभग 11 वर्ष के अंतराल जहां तक उनकी पहचान पूरे देश में होती गई। कोरोना काल में किए कार्य को तात्कालीन जिला दण्डाधिकारी रजत बंसल ने पुरस्कृत भी किया एवं कार्य को सराहा। इस जिले के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि ये रही कि वर्ष 2022 में एकमात्र और अभी तक एकलौता रक्तदाता होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और महामहिम राज्यपाल के कर कमलों से सम्मान प्राप्त हुआ।





**63 बार किया रक्तदानः** संस्थापक पब्लिक वॉइस सामाजिक संगठन के रोहित सिंह आर्य ने बताया कि 18 वर्ष (वर्ष 2000) की आयु में पहली बार जगदलपुर के महारानी अस्पताल में एक छोटी बच्ची के लिए रक्तदान किया। जिससे मिले उससे और उसके परिवार से मिले स्नेह से और रक्त दान करने को प्रेरित किया साथ ही कई संगठन के साथ रक्त व्यवस्था में भी सहयोगी रहा। 42 साल की उम्र में अब तक 63 बार रक्तदान किया है, जिसमें जगदलपुर, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, रायपुर, विशाखापटनम, हैदराबाद, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, भोपाल, दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, झारखंड में रक्तदान और रक्त व्यवस्था में सहयोग किया है।

#### एनसीसी से रक्तदान करने की मिली प्रेरणा

अमरनाथ झा ने बताया कि फर्स्ट ईयर में एनसीसी से रक्तदान करने की प्रेरणा ▸▸ शेष पेज 2 पर

### वारदात: आरोपी न्यायालय में पेश, भेजा गया जेल

# निठल्ला कहकर चिढ़ाने से नाराज आरोपी ने अधेड़ की पीट पीटकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- बोधघाट पुलिस ने कुछ ही घंटे में किया आरोपी को गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त डण्डा बरामद

बोधघाट थाना क्षेत्र के ग्राम नकटी सेमरा में आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते अधेड़ की डण्डे से पीट पीटकर हत्या कर दी। मामले की रिपोर्ट दर्ज होते ही बोधघाट पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल के करीब से ही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में गठित किया गया था। टीआई ने बताया कि 12 जून को ग्राम नकटी सेमरा के कोतवाल द्वारा मोबाइल के माध्यम से सूचना दिया कि ग्राम नकटी सेमरा निवासी आसमन कश्यप 50 वर्ष को उसी के पड़ोस में रहने वाला महेश कश्यप 32 वर्ष के द्वारा मोटा बांस के डंडा से सिर में मार मार कर हत्या कर दिया गया हैं। सूचना पर टीम घटनास्थल पहुंच कर घटनास्थल का बारीकी से मुआयना कर तथा घटनास्थल के आसपास पड़े ईंट के टुकड़े, बांस डंडा के दुकड़े, रक्त रंजीत मिट्टी, गमछा इत्यादी सामग्री को जब्त करते हुए घटना के सम्बन्ध में गवाहों तथा प्रत्यक्षदर्शी का बयान लेकर आरोपी महेश कश्यप को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि मृतक उसको कुछ काम नहीं करने घर में ही पड़े रहने की बात को लेकर आये दिन निठल्ला बोलकर चिढ़ाते रहता था जिससे वह गुस्से में था। मृतक द्वारा कुछ दिन पहले भी वह उसे काम नहीं करने की बात को लेकर चिढ़ाया गया था।

टीआई ने बताया कि गुरुवार को मृतक घर के बाहर बने पाटा में सो रहा था जिसे पुरानी रंजिश के चलते आरोपी पास में पड़े ईंट के टुकड़े से मार रहा था जिससे मृतक उठकर अपने परिजनों को बुलाकर आरोपी को समझाने गया तो आरोपी अत्यधिक गुस्सा होकर अपने पास रखे बांस के मोटा डंडा से मृतक के सिर में कई बार हमला कर दिया। जिससे मौके में ही उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस के डंडे को जब्त कर बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।




#### इनकी रही अहम भूमिका

त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित नेगी, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, प्रकाश मनहर, आरक्षक भैरव सिन्हा, राकेश मंडावी व प्रकाश नायक की अहम भूमिका रही।



# अवैध उत्खनन-परिवहन करने पर 6 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

खनिज विभाग की टीम ने 9 जून को ग्राम बनियागांव में अवैध उत्खनन की सूचना पर मौके से 1 चैन माऊण्टेन मशीन को जब्त कर थाना प्रभारी नगरनार की अभिरक्षा में दी गई है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि अवैध रेत उत्खनन, परिवहन की रोकथाम में सहयोग करें। अवैध उत्खनन-परिवहन की सूचना भी विभाग को दें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशानुसार वर्षा काल में 10 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन बंद रखा गया है। इसी प्रकार विगत दिनों से अब तक बस्तर जिला अंतर्गत ग्राम तिरथुम, सोनारपाल, फरसागुड़ा, केशलुर, नलपावंड क्षेत्रों का औचक निरीक्षण में अवैध रूप से गौण खनिज का 5 वाहनों में अवैध परिवहन,उत्खनन, भण्डारण करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओं और उत्खन्नकर्ताओं के विरुद्ध गौण खनिज का अवैध परिवहन कर रहे वाहनों का प्रकरण दर्ज करते हुये पुलिस अभिरक्षा में दिया गया है। वाहनों को खनिज मय जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपते हुए वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसमें एक प्रकरण पर जब्ती की कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तोकापाल द्वारा की गई है।

#### कार्रवाई में इनका रहा सहयोग

शेष प्रकरण में कार्रवाई के दौरान जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनिज अधिकारी शिखर चेरपा, खनिज निरीक्षक गिदुल गुहा तथा खनिज सिपाही डिकेश्वर खरे, सीताराम नेताम, विकास नायक, जलंधर बघेल, महादेव सेठिया, संतोष सहारा उपस्थित थे। उपरोक्त सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 सहपठित खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# ओडिशा बार्डर में बस का इंतजार कर रहा गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, 1 लाख से अधिक का गांजा जब्त

ओडिशा से गांजा लेकर बलरामपुर रामानुजगंज जाने ओडिशा बार्डर में बस का इंतजार कर रहे तस्कर को नगरनार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्कर के कब्जे से 10.550 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा के अलावा मोबाइल व नगद रकम बरामद किया गया है।

ओडिशा की ओर से गांजा की तस्करी रोकने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक सतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 के करीब एक संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से पिट्ठू बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसे परिवहन कर रायपुर की ओर जाने वाले बस का इंतजार कर रहा था। पूछताछ में उसने अपना नाम देवा प्रसाद सिंग 57 साल निवासी ग्राम जतोरा थाना बलरामपुर जिला बलरामपुर ▸▸ शेष पेज 2 पर



#### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक निरीक्षक सतोष सिंह के अलावा एएसआई सतीश तिवारी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, रमेश पासवान, विनोद यादव, विकाश सिंह, आरक्षक चंद्रकुमार कंवर व जोगेश्वर कश्यप की अहम भूमिका रही।

# उपकेन्द्र नहीं होने से 12 गांव के ग्रामीण तेलंगाना की ले रहे बिजली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- दहशत के चलते बंडा में 2 वर्ष से उपकेन्द्र का निर्माण रूका

विद्युत कंपनी के ठेकेदार ने दो वर्ष पूर्व बस्तर संभाग के सुकमा जिले के बंडा में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य के लिए बोर खुदवाया पर साफ-सफाई के दौरान की नक्सलियों के मारपीट के कारण शुरू नहीं हो पाया। उपकेन्द्र नहीं होने से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव के ग्रामीण सीमावर्ती राज्य तेलंगाना की बिजली का उपयोग कर रहे हैं। उपकेन्द्र के लिए जमीन को समतल करने के लिए कर्मचारी पहुंचे तो नक्सलियों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट किया, ठेकेदार ने पुलिस थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। उसके बाद ▸▸ शेष पेज 2 पर



#### निर्माण कार्य की तैयारी

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि बंडा में उपकेन्द्र निर्माण कार्य करने की तैयारी की जा रही है। इससे क्षेत्र के गांवों को छत्तीसगढ़ की बिजली का उपयोग कर सकेंगे।

### प्रदेश की प्रथम महिला भरथरी गायिका सुरुज बाई खांडे की जयंती का आयोजन

# सुरुज बाई सम्मान से नवाजे गए सेवाभावी लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- अपनी कला से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व पटल पर स्थापित किया

बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स भवन में सुरुज ट्रस्ट द्वारा सुरूज सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला भरथरी गायिका स्व.सुरूज बाई खांडे की जयंती के अवसर पर यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एस करीमुद्दीन, अध्यक्षता खेमदास वैष्णव, विशिष्ठ अतिथि में अनिल लुंक्कड़ एवं डॉ. जयंती कश्यप थे।

अलग-अलग क्षेत्र में उललेखनीय कार्य करने वाले लोगो को शाल-श्रीफल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। पत्रकारिता क्षेत्र में विकास तिवारी एवं गायत्री आचार्य, साहित्य क्षेत्र में खुदैजा खान एवं विक्रम सोनी,समाज सेवा क्षेत्र में प्रकाश ठक्कर,महिला आर्थिक उन्नयन क्षेत्र में रजिया शेख, अभिनय क्षेत्र में मोहन सोनी, खुशबू सोढ़ी,लोक गायन क्षेत्र के लिए शिव कुमार नाग, पिलादास कोर्राम,वादन में जयप्रकाश पर्यटन में उर्मिला नाग एवं मानसिंह भघेल,सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर में कविता कश्यप एवं अस्तु नाग,चित्रकला में सुरभि वर्मा एवं जगदीश तिवारी,चित्र विचित्र ग्रुप में मोहरी वाले ग्रुप, सुरक्षा बल में सैनिक करन राय,मंच संचालन क्षेत्र में अफजल अली,घड़वा शिल्प के लिए महेश सागर एवं उर्मिला सागर को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में राजनांदगांव की हिमानी वासनिक द्वारा भरथरी गायन, शिव कुमार नाग द्वारा बस्तर वंदना गीत, मोहरी वाले ग्रुप द्वारा दंतेश्वरी पाड़ की प्रस्तुति, खेमदास वैष्णव और सुभाष पांडे द्वारा बस्तर लोक चित्र प्रदर्शनी की प्रस्तुति दी।






## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश 20 जून तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-28 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 07 से 09 मई तक संचालित काउन्सिलिंग के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालयवार आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय में सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। चयनित विद्यार्थी 16 से 20 जून तक आबंटित विद्यालयों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय में प्रवेश के लिए स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति, जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड से जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र की मूल प्रति तथा स्थायी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति आवश्यक है।

### सूक्ष्म खाद्य उद्यमियों को मिलेगा 35 फीसदी तक अनुदान

**कोण्डागांव।** केन्द्र सरकार द्वारा सूक्ष्म उद्यमों को साझा सेवाओं के लाभ लेने और कृषक उत्पादक संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों, उत्पाद सहकारिताओं तथा सहकारी समितियों को उनकी सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला में सहायता के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित है। योजनातंर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग हालर मिल, गुड निर्माण, मिनी राईस मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन मिक्चर निर्माण, पापड़ निर्माण, बेकरी, चिप्स, रेवड़ी, ब्रेड, मिठाई, गुपचुप, लड्डू, रेडी टू ईट निर्माण जैसे कई खानें की वस्तुएं बनाने वाले उद्यमी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

आवश्यक दस्तावेज

योजना में अनुदान 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख तक प्रावधान है। योजना हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे पेन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली बिल, राशन कार्ड, बैंक पास बुक एवं अंतिम छः माह का बैंक स्टेटमेन्ट आवश्यक है। ईच्छुक आवेदक ड्रिरिक्ट रिसोर्स पर्सन अक्षत श्रीवास्तव के मोबाईल नम्बर एवं सुरेश मरकाम मोबाईल नम्बर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### युवती ने खाया जहर अस्पताल में हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सीएचसी पखांजुर में इलाज के दौरान 20 वर्षीय पडरी पद्दा का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया था, जिससे उसकी 11 जून को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### डूबने से हुई बुजुर्ग की मौत

**कांकेर।** तहसील पखांजुर के तहत मुरावंड निवासी 60 वर्षीय मनारो उसेंडी की डूबने से 11 जून को मौत हो गई। मुरावण्ड निवासी मानसिंह उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतिका पानी में डूब गई, जिससे उसकी मौत हुई है।

### महिला ने लगाई फांसी ईलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर से अस्पताली मेमो पेश कर कांकेर पुलिस को बताया गया कि 35 वर्षीय कुंती बाई अरोसिया ने फांसी लगा ली थी, जिससे ईलाज के लिए कांकेर लाया गया था, उसकी 12 जून को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक की हुई मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** पखांजुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 18 वर्षीय रोहत सरकार का 17 मई को मौत हो गई। थाना पखांजुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी बांदे थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। युवक किस बीमारी के चलते अस्पताल लाया गया था, उसकी जांच जारी है।

### ग्रामीण ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत सीएचसी धनेलीकन्हार में इलाज के दौरान 45 वर्षीय सत्तुराम गोटा का 11 जून को मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया।

# ग्रापं हरवेल में जल जीवन मिशन अधूरा, तीन साल से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/विश्रामपुरी

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन, जिसका उद्देश्य हर ग्रामीण घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत हरवेल में ठप पड़ी हुई है। योजना का कार्य आधा-अधूरा छोड़ा गया है। ग्रामीण आज भी पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं। ग्राम हरवेल में जल जीवन मिशन के तहत तीन साल पहले पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया। आज तक उसमें पानी नहीं आया। टंकी की महज रंगाई-पुताई कर खानापूर्ति कर दी गई। कुछ घरों में टोंटियां लगाकर विभाग व ठेकेदार ने अपना काम पूरा मान लिया। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीणों के घरों में आज तक एक बूंद भी पानी नहीं पहुंचा है।

ग्राम में कुल 15 वार्ड हैं और हर वार्ड के लोग पानी के लिए दूर-दूर तक भटकने को मजबूर हैं। जगह-जगह पाइपलाइन अधूरी पड़ी हैं, कई जगह सप्लाई शुरू होने से पहले ही बंद हो चुकी है। गर्मी का सीजन बीत चुका है। अब बरसात दस्तक देने वाली है, लेकिन टंकी अब तक अधूरी है।

**खास बातें**

- ठेकेदार और विभागीय लापरवाही से ग्रामीण बेहाल
- 15 वार्ड परंतु समाधान जीरो



#### ग्रामीणों की पीड़ा, प्रशासन की चुप्पी -

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार आवेदन देकर समस्या की जानकारी दी, लेकिन न तो विभाग ने सुध ली और न ही जनप्रतिनिधियों ने कोई हस्तक्षेप किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार मनमर्जी से काम कर रहा है। अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिलते आए हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्राम पंचायत हरवेल के सरपंच महेश नेताम ने बताया कि दो से तीन साल हो गए लेकिन टंकी का निर्माण अब तक अधूरा है। गर्मी का मौसम बीत गया और अब बरसात आने वाली है, लेकिन जल संकट जस का तस बना हुआ है। हमने कई बार आवेदन दिया लेकिन समाधान नहीं हुआ।

### कार्रवाई : 3 लाख की साइबर ठगी का मामला भी उजागर

# ठगों को किराए पर देता था अपना बैंक खाता, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना क्षेत्र में एक और म्यूल एकाउंट से जुड़े साइबर ठगी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ठगों को अपना बैंक खाता साइबर अपराध के लिए किराए पर देने वाले आरोपी द्रुपद दीवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

साइबर पोर्टल के समन्वय एप के माध्यम से सेल को सूचना प्राप्त हुई कि द्रुपद दीवान द्वारा अपना पंजाब नेशनल बैंक और सेंट्रल इंडियन बैंक का खाता साइबर ठगों को किराए पर दे रहा है। इन खातों के माध्यम से लगभग 3 लाख की ठगी की रकम प्राप्त की गई थी। प्राप्त रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 212/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111 के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन एवं अनुभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में मामले की त्वरित विवेचना की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी द्रुपद दीवान पिता स्व. कंवलनाथ दीवान, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम गिरोला, थाना कोण्डागांव ने अपराध स्वीकार किया। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से रिमांड पर जेल भेजा गया।



#### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सउनि दिनेश पटेल, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम, तथा साइबर सेल, जिला कोण्डागांव की विशेष भूमिका रही।

## तीन साल से फरार बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** जिले के थाना विश्रामपुरी पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे बलात्कार के आरोपी रमेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे केन्द्रीय जेल जगदलपुर भेज दिया गया। मामला वर्ष 2022 का है जब पीड़िता ने 11 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम खजरावण्ड निवासी रमेश कुमार यादव ने शादी का झांसा देकर उससे लगातार शारीरिक शोषण किया। दवाई खिलाकर गर्भपात भी करवा दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना विश्रामपुरी में अपराध क्रमांक 81/2022 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 376,



376(2)(ट), 313 के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी। जांच के दौरान आरोपी फरार पाया गया जिसके चलते न्यायालय केशकाल से स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार आईपीएस के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी भूनेश्वर नाग के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर से सूचना मिलने पर 13 जून 2025 को पुलिस टीम ने ग्राम खजराण्ड में दबिश देकर आरोपी रमेश कुमार यादव उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी को उसी दिन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, केशकाल के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल जगदलपुर भेज दिया गया।




# युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षकों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कृषि उपज मंडी परिसर में युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षक साझा मंच के बैनर तले शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने रैली निकाल कमिश्नर और संयुक्त संचालक शिक्षा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि युक्तियुक्तकरण को निरस्त करने, 31 अगस्त 2004 के सेटअप के अनुसार पुनः युक्तिकरण करने, क्रमोन्नत वेतनमान का जनरल ऑर्डर जारी करने तथा पूर्व सेवा अवधि के आधार पर पेंशन सहित अन्य सेवानिवृत्त लाभ दिए जाने की मांग की गई है।

- कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन ने आरोप लगाया कि युक्तियुक्तकरण की संपूर्ण प्रक्रिया ही गलत है। कनिष्ठ शिक्षकों को



वरिष्ठ मानकर सूची तैयार की गई, जिससे वास्तविक वरिष्ठों के साथ अन्याय हुआ। उन्होंने कहा कि वे युक्तियुक्तकरण के विरोध में नहीं हैं, बल्कि चाहते हैं कि यह प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित सेटअप के अनुसार पारदर्शी तरीके से पूरी की जाए।

इस दौरान शिवराज सिंह ठाकुर, शैलेंद्र तिवारी, देवराज खुंटे, कौशल नेम, गजेंद्र श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास्तव, ताहिर खान, भुनेश्वर नाथ, अमित पाल और दुर्गा शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।

## कांग्रेस ने विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन में एयर इंडिया विमान के दुखद हादसे के सभी मृतकों व पूर्व सांसद स्व.मानकुराम सोढ़ी की धर्मपत्नी स्व.फ़निता सोढ़ी को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा अहमदाबाद लंदन एयर इंडिया विमान हादसा दुखद घटना है इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना में एकमात्र जीवित बचे यात्री सहित अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। आज सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायल हुए सभी लोगों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रेखचंद जैन, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय, रामशंकर राव, सुषमा सुता, रविशंकर तिवारी, हनुमान द्विवेदी, नरेंद्र तिवारी,वेंकट राव, रोजवीन दास, जिशान कुरैशी, पार्षद शुभम यदु,जस्टिन भवानी, ललिता राव कमलेश पाठक, एस नीला, सायमा अशरफ, सलीम जाफर अली, सुलो कश्यप, संजू गुप्ता, खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# देश-विदेश में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने की कलेक्टर से मुलाकात, हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

चंडीगढ़ में आयोजित जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की गर्ल्स टीम को ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त हुआ।

छत्तीसगढ़ टीम में बीजापुर जिले से 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ था जिसमें अनुराधा कोवासी, अस्मिता मरपल्ली, ज्योति ओयाम, रिंकी हेमला, लक्ष्मी बघेल, पूजा कोरसा ने प्रदेश को पदक प्राप्त करने में अहम योगदान दिया था। उक्त




खिलाड़ियों को कलेक्टर ने पदक पहनाकर स्वागत किया। वहीं बैंकॉक में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे राकेश पुनेम और राकेश कड़ती के द्वारा वापस पहुंचने के बाद कलेक्टर संबित मिश्रा ने जानकारी ली। इस दौरान जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल एवं श्रम निरीक्षक और इंटरनेशनल कोच सोपान कर्णेवार उपस्थित थे।

# नरेटीपारा में एक माह से बत्ती गुल, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंडावारी के आश्रित पारा नरेटीपारा में ट्रांसफार्मर खराब होने से एक माह से ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। विभाग के लोगों का अवगत कराने के बाद सुधार नहीं होने पर कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है।

नरेटीपारा के ग्रामीण सुरेश कोवाची, मुकेश कोवाची, सताय बाई नरेटी, असमोतीन नरेटी, उर्मिला टांडिया, रीना पुडो, असवंती नेताम, अशवतिन नेताम, फगनीबाई सोनसाय, शिवराज, राजेश एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि एक माह से हमारे क्षेत्र का ट्रांसफार्मर खराब होने से हम लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है। हम लोगों ने इसकी जानकारी लाईनमैन को दिया और कार्यालय में फोन करके बताया गया था। एक माह में विभाग की नींद नहीं खुली। ग्रामीणों का कहना था कि यही मामला शहर का होता है, तो 24 घंटे में ट्रांसफार्मर लग जाता है। हम लोग एक माह से परेशान होने के उपरांत अंधेरा से निजात नहीं मिलने पर छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल शाखा दमकसा कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि पेयजल संकट भी गहरा गया है और न तो मोबाईल चार्ज हो रहे है और न ही आनलाईन कोई काम हो पा रहा है। हम लोगों को दूसरी जगह जाकर मोबाईल चार्ज करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को बार-बार अवगत कराने के बाद भी विद्युत मंडल ध्यान नहीं दे रही है। कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपने के बाद भी पहल नहीं होता है तो हम लोग मजबूरन चंदा एकत्र करके कांकेर जाने के लिए मजबूर होंगे।

### कांकेर का तापमान 36 डिग्री पर हुआ स्थिर, उमस से बढ़ी दिक्कते


# दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की बनी अनुकूल परिस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पिछले 12 दिनों से मानसूनी बारिश नहीं होने से गर्मी फिर से झुलसाने लगी है। अचानक इतनी ज्यादा गर्मी बढ़ जाने की वजह से लोगों को जून महीने के दूसरे सप्ताह के पूरे दिन भीषण गर्मी का एहसास हुआ। खासकर उमसभरी गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है। यह मौसम लोगों के सेहत पर भी असर डाल रहा है, जिसकी वजह से अस्पतालों में सीजनल मरीजों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ गई है।

- सीजनल मरीजों की संख्या में 20 प्रतिशत की हुई वृद्धि

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अगले 48 घंटे में दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना है। एक द्रोणिका पंजाब के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और उससे लगे दक्षिण उड़ीसा के ऊपर 5.8 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है तथा यह दक्षिण पश्चिम दिशा में ऊंचाई के साथ झुका हुआ है। एक द्रोणिका उत्तर तटीय आंध प्रदेश और उससे लगे उड़ीसा के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से तटीय कर्नाटक तक छत्तीसगढ़, मराठवाड़ा, अंदरूनी कर्नाटक होते हुए 3.1 किमी से 5.8 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 62 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। मौसम विभाग के कांकेर जिले में 14 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने तथा उत्तरी भाग में मामूली गिरावट होने की संभावना है।



#### अस्पतालों में मौसमी बीमारी के 20 प्रतिशत मरीज बढ़े

मौसम का यह हालात लोगों का सेहत बिगाड़ रहा है। सरकारी अस्पतालों व निजी क्लिनिकों में सीजनल मरीजों की भीड़ इन दिनों 20 प्रतिशत बढ़ गई है। जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर निजी क्लिनिकों में मरीज बढ़े हैं। चिकित्सकों के मुताबिक लोगों को पेट दर्द, बदन दर्द, फीवर जैसी समस्याएं आने लगी है। कई लोगों में डायरिया की शिकायतें भी आ रही है। मौसम में बदलाव की वजह से इस तरह की समस्याएं लोगों को घेर रही है।

#### कूलर, एसी ने किया काम करना बंद

उमस और चिपचिपाहट भरी गर्मी की वजह से न एसी काम कर रहा है और न ही कूलर। दिन में हो या फिर रात में ऐसी स्थिति बनी हुई है। लोगों ने बताया कि कूलर और एसी के साथ पंखे भी पूरी स्पीड से चलाना पड़ रहा है। उसके बाद भी गर्मी से राहत जैसी स्थिति नहीं है।

## पेज 3 के शेष

### विश्व रक्तदाता दिवस : खून की हर...

मिली। उसके बाद से वर्ष 2006 से लेकर 40 बार रक्तदान किया।

**2013 से रक्तदान कर रहे :** हरीश पाराशर ने बताया कि रक्तदान क्षेत्र मे वर्ष 2013 से कार्य कर रहा हैं, वे अब तक अपना ब्लड ओ-पॉजिटिव 27 बार रक्तदान कर चुका हैं। जगदलपुर महारानी अस्पताल के साथ-साथ एमपीएम अस्पताल एवं सारे नसिंर्ग अस्पताल और रायपुर, भिलाई, दुर्ग, नागपुर, दिल्ली, विशाखापटनम में भी रक्त करवाता हूं। रक्तदान के सक्रिय कार्य करने पर मेकाज, उज्ज्वल ब्लड बैंक एवं रायपुर अन्य संस्थाओं से सम्मान प्राप्त हुआ है।

**सामूहिक शक्ति की जीत :** अंकिता ठाकुर ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में लगभग 10 बार रक्तदान किया है। पर इस यात्रा की असली पहचान सिर्फ मेरे रक्तदान से नहीं, बल्कि उस मुहिम से बनी है जो युवाओं को जोड़ने और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए शुरू की थी। कॉलेजों में अभियान चलाकर, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके और युवाओं को साथ लेकर एक ऐसा माहौल तैयार करने की कोशिश की, जिसमें रक्तदान को एक सामान्य, सुरक्षित और मानवीय कर्तव्य के रूप में देखा जाए। इस प्रयास से अब तक लगभग 3000 से अधिक मरीजों को समय पर रक्त मिल पाया है, यह सबकी सामूहिक शक्ति की जीत है।

**विश्व रक्तदाता दिवस का महत्व :** शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि ब्लड डोनर डे मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करना है। लोग अगर स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे तो ब्लड बैंकों में पर्याप्त मात्रा में खून उपलब्ध होगा। ऐसे में जब किसी मरीज को रक्त की जरूरत होगी तो आसानी से उसे रक्त मिल सकेगा और उसका जीवन बचाया जा सकेगा।

### ओडिशा बार्डर में बस का...

रामानुजगज छग का रहने वाला बताया। उसके कब्जे से 10.550 किलो गांजा कीमत 1 लाख 5,550 रूपए के अलावा मोबाइल व नकद 1200 रुपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

### उपकेन्द्र नहीं होने...

से यहां उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं पाया। कंपनी ने प्रयास किया कि वे उपकेन्द्र निर्माण के लिए दूसरी जगह जमीन चिन्हित करें, लेकिन जमीन नहीं मिल सकी। इसलिए कंपनी की ईडी ने ठेकेदार को निर्देश दिया कि बंडा में ही उपकेन्द्र का निर्माण कार्य करें, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को तेलंगाना की बिजली से छुटकारा मिल सके।

## खबर संक्षेप

### विशेषज्ञ चिकित्सक और चिकित्सा अधिकारियों की हुई नियुक्ति

**सुकमा।** सुकमा में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा खनिज न्यास निधि मद के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। रिक्त पदों को भरते हुए जिला चिकित्सालय सुकमा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में योग्य चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है, जिससे जिले के नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके। जिला चिकित्सालय सुकमा में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू देवांगन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभानशु रंजन तथा सर्जन विशेषज्ञ डॉ. के. तिरूपती की नियुक्ति की गई है। वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्तागुफा में चिकित्सा अधिकारी के रूप में डॉ. कौशल कुमार को पदस्थ किया गया है। प्रशासन की इस पहल से जिले के दूरस्थ अंचलों में निवासरत लोगों को भी अब विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।

### मातृत्व अभियान से महिलाओं को मिल रहा लाभ

**दंतेवाड़ा।** जिले में गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच लगातार बेहतर हो रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत दंतेवाड़ा जिले में गर्भवती माताओं के लिए विशेष प्रसव पूर्व जांच शिविरों का आयोजन किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य सभी पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की समय रहते गुणवत्तापूर्ण जांच कर संभावित जटिलताओं की पहचान करना और उन्हें सुरक्षित प्रसव हेतु तैयार करना है। राज्य शासन के दिशा-निर्देशों एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन के अनुरूप जिले की सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला अस्पतालों में यह अभियान सघन रूप से संचालित हो रहा है। अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से दूरदराज के इलाकों से आई महिलाओं को भी समुचित जांच और देखभाल दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने जानकारी दी कि 9 जून तक पीएमएसएमए के तहत जिले में कुल 4,555 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ है।

### प्रधानमंत्री आवास के कार्यों को मिशन मोड में करें

**दंतेवाड़ा।** संयुक्त कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभा कक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के ईई,एसडीओ, सब इंजीनियर, इंजिनियर एवं तकनीकी सहायक की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा जिले भर में किए जा रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों उसकी अद्यतन प्रगति, कार्य पूर्णता तिथि, अप्रारंभ एवं रुके हुए कार्यो के स्थिति का औचित्यपूर्ण कारण के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा किया। बैठक के सर्वप्रथम कलेक्टर नें कहा कि पंचायत स्तर में चल रहे प्रधानमंत्री आवास के कार्यों को मिशन मोड करते हुए अद्यतन प्रगति लाए, क्योंकि यह योजना ग्रामीण स्तर के हर एक पात्र हितग्राही के पक्के मकान का सपना साकार कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत पंचायतों में बनाए जा रहे, आवासों का भी विभागीय मैदानी अमला समय-समय पर तकनीकी निरीक्षण कर समय पर पूर्ण करने के लिए सरपंचों या ग्राम सचिवों निर्देशित करें।

### बाल श्रम प्रतिषेध दिवस के अवसर पर 30 जून तक अभियान

**बीजापुर।** जिला बीजापुर में कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार 30 जून तक बाल श्रम निषेध अंतर्गत जिले में सघन अभियान चलाने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में महिला बाल विकास अधिकारी कांता मसराम एवं श्रम पदाधिकारी ओम नेताम द्वारा समन्वय कर जिले में आईसीपीएस, श्रम विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ शहर में प्रचार-प्रसार के लिए रेस्क्यू टीम तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से बाल श्रम प्रतिषेध दिवस के अवसर पर जिले के सभी क्षेत्रो में सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियो में निवासरत बच्चों के सर्वेक्षण रेस्क्यू हेतु बालको का विभिन्न श्रेणियों के बच्चों का चिंहांकन किया जाना है एसे बच्चे जो बिना किसी सहारे के सड़को पर अकेले रहते हैं ऐसे बच्चे, दिन में सड़कों में रहते है और रात में निकट की झुग्गी, झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले अपने परिवार के पास घर वापस आ जाते है।

## दोरनापाल और पेंटा में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

# हर नागरिक को मिले बेहतर स्वास्थ्य सेवा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

दोरनापाल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पीडीएम भवन उप स्वास्थ्य केंद्र पेंटा सहित कई स्थानों कलेक्टर ने आज निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।



कोंटा विकासखंड के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा हेतु निरीक्षण करते हुए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल में पहुंचकर मौसमी बीमारियों के मद्देनजर जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निपटान किया जाए जिससे संक्रमण की संभावना न हो। इसके साथ ही उन्होंने मरीजों के लिए कार्डियो ईसीजी मशीन ऑक्सीजन सिलेंडर और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर जैसे अत्यावश्यक उपकरणों की जल्द उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रसव कक्ष में बेहतर रोशनी व्यवस्था के लिए एडजस्टेबल लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य केंद्र में टीबी रोगियों के इलाज को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही गई। उन्होंने निर्देश दिया कि टीबी मरीजों की पहचान और इलाज की प्रक्रिया नियमित और प्रभावी ढंग से होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा और संचालन व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से बाउंड्रीवाल निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही सभी वार्डों में स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा। सीएचसी दोरनापाल में ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने और नियमित संचालन के निर्देश दिए।

वहीं, टीकाकरण कक्ष में आवश्यक संसाधनों की पूर्ति और सुधारात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ध्रुव ने कहा कि यदि कोई स्कूली छात्र अस्पताल में भर्ती होता है, तो उसके साथ एक संरक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि बच्चे को मानसिक और भावनात्मक सहयोग मिल सके। उन्होंने अस्पताल परिसर में आगजनी जैसी आपात स्थिति से निपटने हेतु समुचित फायर सेफ्टी प्रबंधन करने और कर्मचारियों को इसके प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए।

### उप स्वास्थ्य केंद्र पेंटा का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र पेंटा में साफ-सफाई विशेष रूप से शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने की सुविधा के लिए पीडीएस दुकान से संपर्क कर बना सकते है इसे अधिक से अधिक लोगों को जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडीएम नागलगुंडा और पेंटा केंद्रों में दवाइयों के भंडारण, वितरण और पंजीयन प्रक्रिया की भी जानकारी ली और अधिकारियों को समयबद्ध रिकॉर्ड अपडेट रखने के निर्देश दिए।

# शिक्षकों की पदस्थापना से स्कूलों में लौटी रौनक

## युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन शालाओं में विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और स्कूलों में शिक्षक उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में चलाए गए युक्तियुक्तकरण अभियान के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में क्रियान्वित इस अभियान से दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के क्षेत्र में नई उम्मीद जगी है। दूरस्थ अंचलों में शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शाला होने से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था। वह अब युक्तियुक्तकरण से दूर होने जा रहा है। जिले के 29 शिक्षक विहीन और 50 एकल शिक्षकीय स्कूलों को अब शिक्षक मिल चुके हैं। इससे इन शालाओं में शैक्षणिक वातावरण बेहतर होगा।

राज्य शासन के दिशा निर्देश में जिले में अतिशेष शिक्षकों के काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मौजूद शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों को नए शिक्षक मिल चुके हैं। इससे अब न केवल इन क्षेत्रों के स्कूलों को नए शिक्षक मिले हैं बल्कि विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी सुनिश्चित हुई है। अब यहां के पालकों में नया विश्वास जगा है और वे पुनः अपने बच्चों का नामांकन स्थानीय शाला में कराने के लिए आगे आ रहे हैं। युक्तियुक्तकरण से पूर्व विकासखण्ड कोंटा में शिक्षक विहीन 22 प्राथमिक शाला तथा 2 पूर्व माध्यमिक शालाएं थी।


वर्तमान में विकासखण्ड कोंटा सहित विकासखण्ड सुकमा एवं छिन्दगढ़ में कोई भी प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन नही है। पालक कहते हैं कि अब हम निश्चिंत हैं कि हमारे बच्चे भी पढ़-लिखकर कुछ बन पाएंगे। शिक्षक की पदस्थापना ये हमारे लिए बहुत बड़ा तोहफा है। शिक्षकों की उपस्थिति से बच्चों को अब नियमित मार्गदर्शन मिलेगा शैक्षणिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा और समूचे अंचल में शिक्षा के प्रति जागरूकता की नई लहर दौड़ पड़ी है।

# धान बीज विक्रेता लूट रहे हैं किसानों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड के किसान जगदलपुर के कुछ धान बीज व्यापारियों के हाथों लूट का शिकार हो रहे हैं। एक ही किस्म का बीज और दुकान भी एक, मगर बीज की

- एक ही किस्म का बीज, दुकान भी एक ही और दर अलग-अलग







दर में काफी अंतर। दुकान में किसानों को लूटा जा रहा है। बकावंड के करपावंड निवासी एक किसान ने शहर के एक दुकान से अन्नपूर्णा किस्म का दो किलो धान बीज खरीदा। दुकानदार ने किसान से 1100 रुपए प्रति किलो की दर से 2200 रुपए ले लिए। जबकि एक अन्य किसान ने उसी दुकान से अन्नपूर्णा किस्म का ही एक किलोग्राम बीज खरीदा तो उसे 1050 का भाव लगाया गया। दोनों किसानों ने धान बीज खरीदी के बिल इस संवाददाता को उपलब्ध कराए हैं। एक ही किस्म के धान बीज को अलग-अलग रेट पर बेचने से किसानों को शक है कि दुकानदार अपनी मर्जी के हिसाब से दर लगाकर लूट कर रहा है। गांवों के भोले-भाले किसान मोल भाव नहीं करते और व्यापारी जो दर बताते हैं, उसी दर पर खाद, बीज, कीट नाशक आदि खरीद लेते हैं। किसानों के इस भोलेपन का फायदा शहर के कुछ व्यापारी उठाते हैं। किसानों का कहना है कि सरकार किसानों के लिए उचित रेट पर बीज उपलब्ध कराती है किंतु निजी वितरक मनमानी करते हैं।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान को मिल रहा किसानों का समर्थन एवं विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान सफलतापूर्वक जारी है, जिसके तहत बुधवार को ग्राम पंचायत नरसापुरम, गोंदपल्ली , गुडरा, नेतानार, जीरमपाल एवं गोंदपल्ली में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस दौरान सभी कार्यक्रम स्थलों में ग्रामीण महिला एवं पुरूष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में विकासखण्ड स्तरीय कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कृषि मित्रों, सभी प्रगतिशील कृषकों जनप्रतिनिधियों, सभी ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं पंचों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

विकासखण्ड छिंदगढ़ के ग्राम पंचायत गुडरा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य हुंकाराम मरकाम, जिले के उपसंचालक कृषि पीआर बघेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेश साहू, सभी विभागों की टीम, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच.एस. तोमर कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. परमानंद, जनपद सदस्या सोढ़ी मैडम सरपंच वीरेंद मरकाम एवं सभी पंचों सहित ग्रामीणजन शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विकासखण्ड कोंटा में आर. पी. कश्यप व कैलाश कुमार मरकाम एवं विकासखण्ड सुकमा में डॉ. संजय सिंह राठौर, मयूरी ठाकुर व भीम कुमार जायसवाल ने विभिन्न कार्यक्रमों में मरहान जमींन में मोटे अनाजों की खेती करने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के गुलशन वर्मा, परमेश सोरी व ज्योतिष कुमार ने विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

किसानों को खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीक जैसे उन्नत किस्म, बीजोपचार, पादप हार्मोन का उपयोग, समन्वित खरपतवार, खाद, उर्वरक, सिंचाई , कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी, कृषि यंत्रों का उपयोग तथा पशुपालन एवं मछली पालन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, केसीसी, पीएम फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# वनाधिकार के लिए प्राप्त आवेदनों का ग्रामसभा में करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

वनाधिकार पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों को 9 से 14 जून तक आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से निराकृत कर जिला स्तर पर प्रस्ताव को 25 जून से पहले भेजने के निर्देश कलेक्टर संबित मिश्रा ने समस्त संबंधित अधिकारियों को साप्ताहिक समय-सीमा के बैठक के दौरान दिए। वहीं नए शिक्षा सत्र का प्रारंभ होने जा रहा है जिसके लिए



व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने सहित चिन्हांकित समस्त शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को स्कूल से जोड़ने और बच्चों के पुनः प्रवेश हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव कराने को कहा। तथा ग्राम सभा के माध्यम से ही सुशासन तिहार अन्तर्गत शिविर में प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में नियद नेल्लानार अन्तर्गत सर्वे की एंट्री, नियद नेल्लानार क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों- बिजली, पानी, सड़क, पुल, पुलिया, राशन दुकान, निर्माणधीन, स्कूल भवनों आंगनबाड़ी भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आत्मसमर्पित, नक्सली एवं नक्सल पीड़ति परिवारों के आवश्यक दस्तावेज बनाने सहित बुनियादि सुविधाओं से लाभान्वित करने को कहा गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण समस्त अनुभाग के एसडीएम डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार उपस्थित

# संत कबीर प्रागट्य महोत्सव में भजन-प्रवचन व शोभायात्रा बना आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर के मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा कबीर सत्संग भवन में संत शिरोमणि सद्गुरु कबीर साहेब का प्रागट्य महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः निशान पूजा व ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में संत कबीर के जीवन, विचारधारा और सामाजिक समरसता पर लोगों ने अपने विचार रखें। चौका-आरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसाद वितरित किया गया। सभी लोगों ने संत कबीर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में गीदम नगर के मानिकपुरी पनिका समाज के महिलाएँ बच्चे व पुरुष वर्ग ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# पूर्णिमा ने बनाया पढ़ाई का कोना, अब करेंगी किशोरों को प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला के कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम बेदीपारा की एक किशोर बालिका ने एक प्रशिक्षण में भाग लेने के बाद अपने घर में पढ़ाई का कोना बना डाला। हुआ यह कि बीते गुरुवार को मितानिन दीदियों, ग्रामीण महिलाओं, अभिभावकों और किशोरों के बीच एक कार्यशाला हुई। इस कार्यशाला में जिला प्रशासन, यूनिसेफ और सर्वहितम के सहयोग से चलित रूप नहीं गुण को देखो, आज क्या सीखा तथा पढ़ाई का कोना कार्यक्रम के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।



इसमें उपस्थित सुश्री पूर्णिमा नागवंशी पिता आसाराम नागवंशी ने इसके महत्त्व को गंभीरता से सूना। उसने घर पहुँचते ही एक योजना बनायीं और घर में अपनी माँ की पुरानी साड़ी का घेरा बनाकर घर मे पढ़ाई का कोना बना दिया। इसमें उसने पुस्तकें व्यवस्थित की। दीवार पर रूटीन चिपकाया। अब उसने इसी जगह पर पढाई करना प्रारम्भ कर दिया है। इस कोना के प्रभाव पर



पूछने पर उसने बताया कि पहले की अपेक्षा हमारी पढ़ने में दिलचस्पी बढ़ रही है। मेरे माता - पता भी मुझे इसमें सहयोग करने लगे हैं। गाँव के युवाओं के प्रति अपने दायित्व पर उसने बताया कि अब मैं अपने गाँव के किशोर बालक-बालिकाओं को पढाई का कोना के महत्त्व के बारे में बताउंगी और उसके निर्माण करने के लिए प्रेरित करुँगी। उक्त जानकारी जिला समन्वयक राजेश बघेल ने देते हुए बताया कि दंतेवाड़ा जिला के चयनित 100 गांव में किशोरों के समग्र विकास हेतु रूप नहीं गुण को देखो, आज क्या सीखा तथा पढ़ाई का कोना कार्यक्रम कार्यान्वित हो रही है।

# शिविरों की सफलता के लिए अधिकारी आपसी समन्वय से करें कार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जनजातीय ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत दंतेवाड़ा जिले में 15 जून से 30 जून तक विशेष संतृप्तिकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं को लोगों की आवश्यकता अनुसार सुगम और सशक्त बनाना है।



इस संबंध में जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देश दे दिए गए है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक आवश्यकताओं की पहचान कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने अधिकारों व सुविधाओं की जानकारी लें और योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। इसके अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के 156 ग्राम को इस अभियान में शामिल किया गया है। इनमें विकासखण्ड दंतेवाड़ा के 34, गीदम के 42, कटेकल्याण के 51 एवं कुआकोंडा के 29 ग्राम शामिल है।

## संस्थान में 10 या अधिक कर्मचारी कार्यरत हों, वहाँ आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य

# महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न को रोकने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 13 जून को महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला ग्रंथालय दंतेवाड़ा में किया गया।



इस अवसर पर महिला संरक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर द्वारा अधिनियम की प्रमुख धाराओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि लैंगिक उत्पीड़न के अंतर्गत शारीरिक संपर्क, लैंगिक अनुग्रह की मांग, आपत्तिजनक टिप्पणियां, अश्लील लेखन या प्रदर्शन, तथा किसी भी प्रकार का अनुचित शारीरिक, मौखिक या शाब्दिक आचरण शामिल हैं। ऐसे सभी संस्थान जहाँ 10 या अधिक कर्मचारी कार्यरत हों, वहाँ धारा 4 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। वहीं जहाँ कर्मचारियों की संख्या 10 से कम हो अथवा शिकायत स्वयं नियोक्ता के विरुद्ध हो, वहां स्थानीय शिकायत समिति के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

कार्यशाला में विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला दंतेवाड़ा के सचिव अनंत दीप तिर्की एवं वरिष्ठ अधिवक्ता केके देवांगन ने विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहकर अधिनियम 2013 के विभिन्न प्रावधानों, समितियों के गठन एवं उनके कर्तव्यों व कार्य विधियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स

थानीय शिकायत समिति की अध्येक्ष बबीता पांडे द्वारा प्रत्येक माह समिति की बैठक आयोजित कर रिपोर्ट जिला कार्यक्रम अधिकारी को भेजे जाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने यह भी बताया कि समिति का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात उसका पुनर्गठन अनिवार्य है एवं समिति गठन संबंधी सूचना का बोर्ड कार्यालय में चस्पा किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों व कार्यालयों में गठित आंतरिक शिकायत समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों, स्थानीय शिकायत समिति के पदाधिकारियों सहित महिला सशक्तिकरण विभाग से शिवरात्री भुवार्य, 'सखी' से दिव्या तथा पुलिस विभाग से सुश्री आशा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा विषय से संबंधित सवाल पूछे गए, जिनका समाधान विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से मृत्यु पर मिली आर्थिक सहायता

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु पर मृतक स्व रंजन विश्वकर्मा पिता लझरू विश्वकर्मा उम्र 42 निवासी मुरदण्डा तहसील उसूर के निकटतम वारिस उनकी पत्नी श्रीमती सावित्री विश्वकर्मा को 4लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

### जिले में मना बाल श्रम निषेध दिवस



**बीजापुर।** बाल श्रम निषेध दिवस अंतर्गत राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस पर बचपन लौटाये, काम छुड़ाये, पाठशाला में लाये, उज्जवल भविष्य बनाये, अभियान चलाने के लिये निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ शहर में प्रचार-प्रसार के लिए भेजा गया। इस पर टीम की अगुवाई जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार द्वारा शहर के न्यू बस स्टैंड बीजापुर में बाल श्रम निषेध दिवस का प्रचार-प्रसार किशोर न्याय अधिनियम, श्रम निषेध अधिनियम का पापलेट बांटते हुए दुकान, होटल, ढाबों में जाकर चेक किया गया कि श्रमिकों अथवा नौकरों के रूप में बच्चों को नियोजन तो नहीं किया जा रहा है। साथ ही बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर कर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया अगर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, होटल एवं ढाँबो, घरेलू कामगार, ईंट भटटी, खपरैल निर्माण, घर निर्माण कार्य और गैरेज में काम करवाये जाने वाले लोगों पर बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन, अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 6 माह से 3 वर्ष तक का कारावास या 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है, यह जानकारी भी प्रचार-प्रसार के दौरान दी गई। श्रम विभाग से आशीष बेलमपाली महिला एवं बाल विकास विभाग से संदीप और राजेश उपस्थित थे।

# नमक घोल से धान बीज चयन की विधि का किया जीवंत प्रदर्शन

**पोटेनार एवं बड़े तुगांली में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोटेनार एवं बड़े तुगांली, विकासखंड भैरमगढ़, जिला बीजापुर में कृषि विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पोटेनार में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम की जनप्रतिनिधि पायके आलम, सरपंच एवं पांडू राम आलम, उप सरपंच की उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत बड़े तुगांली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सरपंच संतोष लेकाम, उप सरपंच श्यामलाल कोहरामी एवं पंच पायकु लेकाम शामिल रहे। इस अवसर पर कृषि विभाग के संभाग स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी एम. एस. ध्रुव, संयुक्त संचालक कृषि जगदलपुर की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने किसानों से धान बीज की किस्मों पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। बीजापुर से सहायक संचालक कृषि कृष्ण कुमार सिन्हा, कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर से वैज्ञानिक डॉ. बी. के. ठाकुर एवं विकासखंड भैरमगढ़ से दीपक कुमार जैन , रोहित राणा , मनोज कुमार तिवारी एवं रवि भास्कर कार्यक्रम में मौजूद रहे। साथ ही उद्यान विभाग से आर. के. तारम , पशु चिकित्सा विभाग से राजेश यदु, कु. गायत्री सेंगर एवं सुश्री अर्थी आड़े ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न हितकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं उनकी समस्याओं का समाधान सुझाया। कृष्णा सिन्हा द्वारा प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जीवामृत, बिजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र की निर्माण विधि एवं उपयोग की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बी. के. ठाकुर द्वारा 17 प्रतिशत नमक घोल से धान बीज चयन की विधि का जीवंत प्रदर्शन किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा आम के पौधों पर कलम विधि का प्रदर्शन कर किसानों को तकनीकी जानकारी दी गई।



**योजनाओं की दी जानकारी**

ग्राम पोटेनार की सरपंच पायके आलम ने बताया, यह पहला अवसर है जब ग्राम में शासन द्वारा ऐसा कार्यक्रम आयोजित हुआ है, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित होकर किसानों को योजनाओं की जानकारी व समाधान देने पहुंचे। यह हमारे ग्राम के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी विभागीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का सक्रिय सहयोग रहा।

## अंदरूनी ग्रामों में पीडीएस का लाभ लोंगो को मिल रहा

# दारेली में मिला चार माह का राशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

- ग्रामवासियो में शासन, प्रशासन के प्रति विश्वास जागृत हुआ

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले के पहुंचविहीन केंद्र दारेली जो नियद नेल्लानार अंतर्गत चयनित है उक्त ग्रामों में ट्रैक्टर के माध्यम से राशन सामग्री मूल पंचायत में भंडारण कर वितरण कराया जा रहा है शासन की अति महत्वपूर्ण योजना पीडीएस का लाभ लोगों को अंदरूनी क्षेत्रों में भी मिलने लगा है। ज्ञात हो कि शासन की अति महत्वपूर्ण योजना नियद नेल्लानार के तहत अंरदरुनी क्षेत्र में पीडीएस का लाभ दिलाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सड़क मार्ग नहीं है वहां पर भी ट्रैक्टर के माध्यम से राशन मूल पंचायत में पहुंचा कर वितरण किए जाने के कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देश पर चार माह का राशन सामग्री ट्रैक्टर के माध्यम से भंडारण कर वितरण कराया जा रहा है जिससे ग्राम ग्रामवासी मूल पंचायत में राशन मिलने पर बहुत ही खुश हैं ।

जिले में नियद नेल्लानार योजना प्रारंभ होने के बाद 22 दुकानों को उनके मूल पंचायत में शिफ्ट कर राशन सामग्री कार्डधारियों को मूल पंचायत में उपलब्ध कराया जा रहा है उन स्थानों के लिए जिला खनिज न्यास निधि एवं अन्य विभाग योजनाओं से 36 गोदाम स्वीकृत कर निर्माण का कार्य कराया जा रहा है आगामी बारिश के पश्चात गोदाम निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया जाएगा एवं पहुंचविहीन दुकानों की संख्या भी अगले वर्ष कम हो जाएगी खाद्य अधिकारी गवेल ने बताया कि 22 दुकाने ऐसे हैं जो 20 से 25 किलोमीटर दूर तक पैदल, बैलगाडी लेकर जाना पड़ता था एडापल्ली बडेकाकलेड कोण्डापल्ली चिल्कापल्ली पाकेला, पुजारीकांकेर, कावड़ गांव पीडिया, छुटवाही, धर्माराम, केरपे, जैसे गांव में राशन सामग्री पंचायत में भंडारण कर वितरण कराया जा रहा है जिसे अंदरूनी ग्रामों में भी शासन की अति महत्वपूर्ण योजना पीडीएस का लाभ लोंगो को मिल रहा है जिससे राशनकार्डधारी उपभोक्ता एवं ग्रामवासियो में शासन, प्रशासन के प्रति विश्वास जागृत हुआ है।





**70 पहुंचविहीन केंद्र चिन्हांकित**

जिले के खाद्य अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल ने बताया कि बीजापुर जिले में 70 पहुंचविहीन केंद्र चिन्हांकित किए गए हैं जहां पर बारिश के दौरान आवागमन बाधित होता है सड़क मार्ग नहीं है ऐसे चयनित स्थलों पर खाद्यान्न का एक मुक्त भंडारण कर 4-6 माह का कार्ड धारी उपभोक्ताओं को राशन सामग्री वितरण किया जाता है जिससे उन्हें नदी नालों पर पार करके राशन लेने की आवश्यकता न हो एवं एकमुस्त राशन उन्हें मिल पाता है जिले में चयनित दुकानों में राशन सामग्री का भंडारण वितरण का कार्य उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला डायरिया का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के निर्देशों का पालन करते हुए एवं डीपीएम रीना लक्ष्मी के मार्गदर्शन में शहरी स्वास्थ्य केन्द्र कुम्हारपारा के महिला बाल विकास विभाग के सभागार में शहरी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक प्रशांत श्रीवस्तव, नरेश मरकाम के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकताओं को डायारिया पखवाड़ा का प्रशिक्षण दिया गया। पर्यवेक्षक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं को डायरिया के लक्षण बचाव एवं घरेलू उपचार को विस्तार पूर्वक समझाया। छोटे बच्चों में डायरिया से होने वाली अचानक मृत्यु को कम करने के तरीके बताए। पर्यवेक्षक द्वारा प्रत्येक वार्डो में नारा लेखन करने हेतु मितानीनों एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं को पोस्टर पाम्पलेट वितरित कर जनजागरुकता लाकर प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक करने हेतु प्रेरित किया। यह पखवाड़ा 16 जून से 31 जुलाई तक चलेगा, इसमें ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रो में जिनके घरों शून्य से 5 वर्ष के बच्चो के परिजनों को जिंक की दवा एवं ओआरएस पैकेट दिया जाएगा। पखवाड़ा में जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में ओआरटी कार्नर बनाया जाएगा, जिसमें डायरिया से प्रभावितों का तत्काल इलाज करने की सुविधा रहेगी। उक्त जानकारी शहरी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ने दी है।

# रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय धारिणी

- रक्तदान करने में हिचकिचाती महिलाएं को किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

रक्तदान करने से अब तक कतराने वालों के लिए शहर की एक महिला रक्तदाता रोल मॉडल बन गईं हैं। लगभग 15 साल से ज्यादा समय से रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय धारिणी तिवारी अब तक 44 बार रक्तदान कर चुकी हैं। वे अपने साथ लगभग 300 से ज्यादा महिलाओं की टीम भी खड़ी कर चुकी हैं, जो जरूरत पड़ने पर सूचना मिलते ही रक्तदान करने पहुंच जाती हैं। यही नहीं, उनके साथ लगभग एक हजार से ज्यादा लोग बतौर रक्तदाता जुड़े हुए हैं और अब तक वे करीब 5 हजार से ज्यादा लोगों तक रक्त मुहैया करवा चुकी हैं। लगभग 17 वर्ष पहले अपने पिता के लिए रक्तदान करने के बाद वर्ष 2014 में पति के लिए भी रक्तदान किया। पति को कैंसर होने से हालांकि वे बचाए नहीं जा सके, लेकिन धारिणी ने रक्तदान को अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया और इसके लिए वे पूरी तरह से सक्रिय होकर लोगों की सेवा में जुट गई हैं। धारिणी का ब्लड ग्रुप ओ-पॉजीटिव है। एक महिला होने के बावजूद उन्होंने रक्तदान के क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ाई। इसके साथ ही उन्होंने दूसरी महिलाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करना शुरू कर दिया।

# रक्तदान करना ही एक नई जिंदगी बचाने का प्रयास

- मनीष ने 35 बार किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहर निवासी मनीष मूलचंदानी वर्ष 2006 से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे अब तक स्वयं 35 बार रक्तदान कार्य किया है साथ ही जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाता हैं ताकि किसी की जिंदगी बचाई जाती है। रक्तदान करने से न केवल मरीजों को लाभ होता है, बल्कि यह सभी समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण योगदान भी है। रक्तदान के क्षेत्र में उनके परिवार के सभी सदस्य अमृता, राजकिरन, रवीना रक्तदाता हैं। मनीष को नगर के सभी अस्पताल, रेडक्रास, रोटरी क्लब, स्कुल संस्थान, सामाजिक संगठन द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में कार्यक्रम करने हेतु सम्मानित किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह से भी रक्तदान हेतु प्रशंसा प्रत्र प्राप्त हुआ हैं। उनका अनुभव रक्तदान करने का बहुत अच्छा रहा रक्तदान से पता चला कि रक्तदान करना कितना आसान है और रक्तदाता के रक्त की पूरी जांच भी हो जाती हैं, नियमित रूप रक्तदान करने से बहुत सी छोटी-बड़ी बीमारी तो नहीं होगी एवं शरीर में नए रक्त का संचार होता हैं। रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर देता है। सभी नवयुवकों एवं युवतियों, महिलाओं को आग्रह करते हैं कि रक्तदान करें और एक जिंदगी बचाने में योगदान करें।

# फसल चक्र परिवर्तन से खरपतवारों का नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा/कोंटा

- विकसित कृषि संकल्प अभियान का मड़वाही में समापन



विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत गुरुवार को सुकमा जिले के ग्राम चिंगावरम, नागारास, बोदारास, उरमापाल, मड़वाही एवं नुलकातोंग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15 दिनों तक चले विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन कोंटा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मड़वाही में जिला पंचायत के स्थायी समिति के सभापति सोयम मुक्का की अध्यक्षता में किया गया।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में चल रहे जिलास्तरीय कार्यक्रम में 800 से अधिक किसानों को कृषि विभाग, पशुपालन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा बीज उत्पादन, 17 प्रतिशत नमक घोल से बीज उपचार एवं आगामी खरीफ सीजन की तैयारी हेतु कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर में किसानों को जानकारी देते हुए बताया गया कि प्राकृतिक खेती में फसलों के पोषक तत्व की आपूर्ति हेतु जीवाणु खाद फसल अवशेष और प्रकृति में उपलब्ध खनिज जैसे रॉक फास्फेट का उपयोग किये जाते हैं। इनके खेत में उपयोग से मिट्टी में पोषक तत्वों की वृद्धि के साथ-साथ जैविक गतिविधियों का विस्तार होता है। प्राकृतिक खेती में बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, अग्नि अस्त्र, दशपर्णी अर्क का उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही जैविक खेती में जैव उर्वरक अंतर्गत नील हरित काई, राइजोबियम कल्चर, एजोस्पाइरिलम, एजोटोबैक्टर, स्फूर घोलक जीवाणु (पीएसबी), कचरा अपघटक का उपयोग किया जाता है। किसानों को पोषक तत्वों से भरपूर लघु धान्य फसलों के बढ़ती मांग को देखते हुए रागी, कोदो, कुटकी की फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसानों को बताया गया कि आधुनिक जीवन शैली में बीमारियों मधुमेह, अल्सर, ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमरियों को रोकने के लिए लघु धान्य फसल पौष्टिक एवं गुणकारी है। किसानों को धान के बदले अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

फसल चक्र परिवर्तन को अपनाने से होने वाले फायदे के संबंध में बताया गया। फसल चक्र परिवर्तन से खरपतवारों का नियंत्रण आसानी से हो जाता है। वहीं कीटों का प्रकोप भी कम होता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत मृदा परीक्षण के फायदों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसानों को अपने खेतों का मृदा का परीक्षण अवश्य कराना चाहिए।

जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | |
|---|---|
| जगदलपुर शहर | 5 पद |
| कोण्डागांव शहर | 5 पद |
| केशकाल शहर | 2 पद |
| कांकेर शहर | 3 पद |

योग्यता
12 से स्नातक
वेतन
10000/-

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो जगदलपुर शहर, कोण्डागांव शहर, केशकाल शहर, कांकेर शहर क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें 9098324969

| | |
|---|---|
| जगदलपुर | - 9098324969 |
| कोण्डागांव | - 9098324969 |
| केशकाल | - 9098324969 |
| कांकेर | - 7000955574 |

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड,
टिकरापारा, रायपुर
(छत्तीसगढ़)

# जानबूझकर गलत आरक्षण रोस्टर पर हुई भर्ती संज्ञेय अपराध : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- आरक्षण रोस्टर गलत, साक्षात्कार के पहले ही हो चुकी थी शिकायत

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में 59 शैक्षणिक पदों की भर्ती विज्ञापन में विभिन्न विषयों के प्रोफेसरों के स्वीकृत पदो के अनुसार आरक्षण रोस्टर लगाया गया था। नियमानुसार शिक्षा विभाग के व्याख्याता पदनाम के स्वीकृत पदों को सहायक प्राध्यापक पदों में शामिल कर आरक्षण रोस्टर नहीं लगाया जा सकता। इसके कारण विज्ञापन में लगाए गए पूरा आरक्षण रोस्टर ही गलत हो जाता है और पूरी भर्ती अवैधानिक हो जाती है। इन शैक्षणिक पदों की भर्ती यदि गलत आरक्षण रोस्टर पर हो रही है और इसकी पूरी जानकारी कुलपति को है तो यह संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमाशंकर शुक्ल ने शमक विश्वविद्यालय में हो रही भर्ती प्रकिया पर आरोप लगाते यह बात कही । उन्होंने जारी बयान में कहा कि कुलपति और कुलसचिव को आरक्षण रोस्टर गलत होने की जानकारी थी, इस सबंध में पूर्व भाजपा विधायक राजाराम तोड़ेम, एन एस यू आइ प्रदेश सचिव रजनेश सिंह सहित विभिन्न लोगों ने बहुत पहले ही अप्रैल माह में राज्यपाल, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन को शिकायत करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचित कर दिया था परंतु कुलपति ने शिकायतों को दरकिनार करते हुए भर्ती को जारी रखते हुए साक्षात्कार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरक्षण रोस्टर को सही करने कुलपति उच्च शिक्षा विभाग और वित्त विभाग का चक्कर लगा रहे हैं । प्रशासन और शासन को स्वतः संज्ञान लेकर इसकी उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर जांच करनी चाहिए। चूंकि बहुत सारे महिला, विकलांग, आदिवासी उम्मीदवारों और गोल्ड मेडलिस्ट उम्मीदवारों ने खुद आगे आकर विभिन्न फोरम अनूसूचित जनजाति आयोग,महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग, कुलाधिपति और सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय में शिकायत किया है ।



### कॉल डिटेल में सच आयेगा सामने

उमाशंकर शुक्ल ने दावा करते कहा कि कुछ संदेही चयनित हुए है उन सभी के बैंक खातों सहित कुलपति और इस भर्ती में शामिल सभी चयन समिति के सदस्यों के मोबाइल नंबर के कॉल डिटेल निकाले जाने चाहिए। जिसमें सच सामने आयेगा। उच्च स्तर की पढ़ाई के लिए कड़ी मेहनत कर गोल्ड मेडल पाने वालों का भी चयन नहीं होना संदेह उत्पन्न करता है।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर छ.ग.**

प्र. क्र. / ब 121/20-

**-उद्घोषणा-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लखमी कश्यप पिता गोन्चा राम कश्यप जाति माहरा निवास ग्राम कोलचुर वर्तमान ग्राम कोलचुर मृतक ग्राम कोलचुर जहाँ मृत्यु दिनांक 15/08/2024 को मृतिका चैतीबाई पति गोन्चा राम की मृत्यु हुआ होना बताया जाकर मृतक के संबंध रिस्ते आवेदिका मृतिका चैती बाई को माता बताते हुए उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 20/06/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है । म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 04/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया ।

(मुहर) तहसीलदार
बस्तर

